**दिनांक : 02/03/2026** **समय :7.10 एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**मुख्य समाचार :-**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुवाई में आज पहली कृषि कैबिनेट, किसानों से जुड़े बड़े फैसले लिए जाएंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज दिल्ली लखपति बिटिया योजना की शुरुआत करेंगी।
- त्योहारों से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की, सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

**कृषि कैबिनेट-मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुवाई में आज सरकार पहली बार कृषि कैबिनेट की बैठक करने जा रही है। यह बैठक जनजातीय बहुल बड़वानी जिला के नागलवाड़ी में होगी, जहां किसानों से जुड़े बड़े फैसले लिए जाएंगे। बैठक में कृषि, पशुपालन, बागवानी, सहकारिता और उद्योग समेत 17 विभाग शामिल होंगे, ताकि खेत से बाजार तक किसानों को मजबूत बनाया जा सके। सरकार का कहना है कि यह साल किसानों की समृद्धि के नाम रहेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री और मंत्री जुलवानिया में भगोरिया उत्सव में भी शामिल होंगे।

**प्रधानमंत्री-इजराइल चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पश्चिम एशिया के हालात पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। उन्होंने नागरिकों की सुरक्षा को सबसे बड़ी प्राथमिकता बताते हुए जल्द संघर्ष खत्म करने की बात कही। इसी मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने अपने आवास पर सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की बैठक भी की, जिसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, एस. जयशंकर और निर्मला सीतारमण मौजूद रहे।

**लखपति बिटिया योजना-राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दिल्ली लखपति बिटिया योजना की शुरुआत करेंगी। दिल्ली सरकार ने लाड़ली योजना को नया रूप देकर यह योजना शुरू की है। इसके तहत बेटी के नाम पर अलग-अलग किस्तों में कुल 56 हजार रुपये जमा किए जाएंगे। 21 साल की उम्र पर यह रकम ब्याज के साथ एक लाख रुपये से ज्यादा हो सकती है।

**मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस-सिंधिया**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया स्पेन के बार्सिलोना में आज से शुरू हो रही मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में भारत का नेतृत्व करेंगे। श्री सिंधिया यहां भारत पैवेलियन का उद्घाटन भी करेंगे, जिसमें देश की टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन की ताकत दिखाई जाएगी।

**कानून व्यवस्था समीक्षा-मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने त्योहारों को देखते हुए कल कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस कमिश्नर कार्यालय भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के हालात की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस को ज्यादा सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही राज्य सरकार ने होली के मौके पर 4 मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इससे पहले 3 मार्च की छुट्टी पहले ही घोषित की जा चुकी थी। यानी अब होली पर लगातार दो दिन सरकारी दफ्तर और ज्यादातर संस्थान बंद रहेंगे।

**डिजिटल प्लेटफॉर्म-शिवराज**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार किसानों के हित में दो बड़े सुधार लागू करने जा रही है। कृषि मंत्री ने उत्तराखंड के मसूरी में कल एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार एक प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपडेट कर रही है।

श्री चौहान ने कहा कि एक भारत पहल के अंतर्गत किसानों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए एक एआई-आधारित प्रणाली विकसित की गई है।

**पुष्प प्रदर्शनी-उप मुख्यमंत्री**

राज्य के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल गुना में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान आर्थिक रूप से मजबूत बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि गुलाब की खेती से एक एकड़ में करीब 14 लाख रुपये सालाना कमाई संभव है, जो पारंपरिक फसलों से ज्यादा है।

**राज्य पुलिस-अवॉर्ड**

राज्य की पुलिस को डिजिटल गवर्नेंस और तकनीक के बेहतर इस्तेमाल के लिए राष्ट्रीय स्तर का 'IT Implementation for Governance & Public Service Delivery' अवॉर्ड मिला है। यह सम्मान इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप के टेक्नोलॉजी सभा अवॉर्ड समारोह में दिया गया।

**श्योपुर- अच्छी खबर**

श्योपुर जिले में कलेक्टर द्वारा 27 और 28 फरवरी को दो दिवसीय होली उत्सव मेले का आयोजन किया गया। जिसमे मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन समूहों की दीदीयों द्वारा पलास, गुलाब, गेंदा के फूलों से तैयार किये गये हर्बल गुलाल की ग्राहकों ने सराहना की

**इसरो-छात्र आवेदन**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने स्कूली छात्रों के लिए युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम YUVIKA शुरू किया है। यह दो हफ्ते का रेजिडेंशियल ट्रेनिंग प्रोग्राम होगा, जिसमें बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान और स्पेस टेक्नोलॉजी की जानकारी दी जाएगी। कक्षा नौंवी में पढ़ रहे भारतीय छात्र 31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**टी20 क्रिकेट**

भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। संजू सैमसन ने 50 गेंदों पर नाबाद 97 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई और मैन ऑफ द मैच बने। अब भारत 5 मार्च को इंग्लैंड के साथ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल खेलेगा। वहीं 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबला होगा। दूसरी तरफ भारतीय महिला हॉकी टीम हैदराबाद पहुंच गई है, जहां वह 8 से 14 मार्च तक एफआईएच विश्व कप क्वालीफायर खेलेगी। भारत का पहला मैच 8 मार्च को उरुग्वे से होगा, इसके बाद स्कॉटलैंड और वेल्स से मुकाबला है।

**मौसम**

मार्च की शुरुआत होते ही राज्य में गर्मी ने जोर पकड़ लिया है। खरगोन में तापमान 35.2 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर भी गर्म रहे। मौसम विभाग के मुताबिक अगले चार दिनों में दिन का तापमान 2 से 4 डिग्री और बढ़ सकता है। 4 मार्च के आसपास नया सिस्टम बनने से रंगपंचमी के पहले या आसपास कुछ जिलों में बारिश की भी संभावना है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :-**

ऽ खंडवा विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर के नीचे या विद्युत पोल के आसपास होली न जलाएं।

ऽ इंदौर नगर निगम द्वारा होलिका दहन में लकड़ी की जगह उपलों और गौकाष्ठ का प्रयोग करने के संबंध में निगम अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

ऽ जबलपुर ज़िले में मंदिरों में अर्पित फूलों से हर्बल गुलाल तैयार किया गया है। इस प्राकृतिक गुलाल से होली खेले जाने के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

ऽ ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद कल बैतूल में शिया समुदाय ने कैंडल मार्च निकालकर शोक जताया।

-------------